हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

12 जिले की 200 से अधिक बैंक शाखाओं में कामकाज रहा ठप



12 देव ने जमकर बरसाए पंच, जीता रजत पदक



## खबर संक्षेप

### मारुति कंपनी के ठेकेदार पर हमला

**खरखौदा।** क्षेत्र में मारुति कंपनी से जुड़े लेबर एवं ट्रांसपोर्ट ठेकेदार दलवीर पर 25 तारीख की रात करीब 12 बजे हमला किए जाने का मामला सामने आया है। दलवीर के अनुसार वह कंपनी से मजदूरों को छोड़कर घर लौट रहा था, तभी गांव की गली में एक युवक ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसने सैदपुर पुलिस चौकी में शिकायत दी।

### मशीन में लीकेज होने से फैक्ट्री में लगी आग

**खरखौदा।** सोनीपत मार्ग पर ड्रेन नंबर 8 के पास नील फैक्ट्री में कॉयल की लाइन, जो तेल गर्म करती है उस मशीन में ट्यूब लीक होने के कारण अचानक आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गई। जिसकी तुरंत सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के मैनेजर सतीश कुमार के अनुसार मशीन को प्रतिदिन चलाया जाता है, जिसमें पिगमेंट बनता है। जिसके लिए तेल को गर्म किया जाता है। रविवार को मशीन में लगी ट्यूब में अचानक लीकेज हो गई।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**खरखौदा।** पिपली गांव के पास विक्की व स्कूटी की आमने सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बॉबी ने बताया कि पिपली गांव में उसने जय सिंह के अमरूदों का बाग ठेके पर लिया हुआ है। वह और उसका साथी देवेंद्र औरंगाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विक्की पर पिपली से खरखौदा किसी काम से जा रहे थे। जब वह गांव से निकले तो सामने से आ रही एक स्कूटी ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गए।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस बहाल 29 व 31 को की थी रद्द

**सोनीपत।** पुरानी दिल्ली से अमृतसर रूट पर अपडाउन करने वाली ट्रेन संख्या 14679 व 14680 इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन बहाल रहेगी। उत्तर रेलवे ने 21 जनवरी रेलवे ब्लॉक के चलते इस ट्रेन का 29 व 31 जनवरी को परिचालन रद्द रखने के निर्देश जारी किए थे। रेलवे ने पंजाब में अमृतसर व जालंधर सिटी सेक्शन के पुल संख्या 28 पर गार्डर रखने के चलते रूट बंद करने के आदेश को वापस लिया। सोनीपत के रास्ते पंजाब आवागमन करने वाली दो अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन करके परिचालन भी नहीं किया जाएगा। पंजाब में 27 व 29 जनवरी को ट्रेन संख्या 18309 संभलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस और 29 व 31 जनवरी को ट्रेन संख्या 22430 पठानकोट-दिल्ली एक्सप्रेस को मार्ग परिवर्तन कर परिचालन किया जाना था। अब यह दोनों ट्रेन अपने निर्धारित रूट पर ही चलाई जाएंगी।

### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सपनों को लगेंगे पंख

# हर क्लस्टर में निजी स्कूल की तर्ज पर होगा एक राजकीय विद्यालय

- विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने बच्चों की सुविधा के लिए जिला में क्लस्टर स्तर पर एक राजकीय विद्यालय को निजी स्कूल में परिवर्तित करने का लिया निर्णय
- इस राजकीय विद्यालय में निजी स्कूल की तर्ज पर शिक्षा से लेकर हर सुविधा विद्यार्थियों को कराई जाएगी मुहैया
- हर विषय के अलग-अलग शिक्षकों के साथ ड्रैस कोड, आईकार्ड, अनुशासन, लैब, पुस्तकालय, कंप्यूटर, एक्टिविटी कक्ष की होगी व्यवस्था

*जिला शिक्षा विभाग की ओर से जिले में कुल 709 राजकीय विद्यालयों का किया जा रहा संचालन, 11 को पीएमश्री व 09 को मॉडल संस्कृति का मिल चुका दर्जा*

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में एजुकेशन सिटी के नाम से विख्यात सोनीपत में वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक सत्र सौगात भरा रहेगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला में प्रत्येक क्लस्टर में एक राजकीय विद्यालय को निजी स्कूल की तर्ज पर मॉडल रूप देने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल जिला के प्रत्येक ब्लॉक में क्लस्टर के एक राजकीय विद्यालय को निजी विद्यालय के रूप में परिवर्तित कर विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इन विद्यार्थियों में हर विषय के अलग-अलग शिक्षकों के साथ ड्रैस कोड, आईकार्ड, अनुशासन, लैब, पुस्तकालय, कंप्यूटर, एक्टिविटी कक्ष व्यवस्था की जाएगी, ताकि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में शैक्षिक स्तर को सुधारा जा सके।

जिला शिक्षा विभाग की ओर से जिले में कुल 709 राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। सात विभिन्न ब्लॉक में 61 क्लस्टर के अंतर्गत इन राजकीय विद्यालयों में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनमें 420 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 77 राजकीय उच्च, 75 राजकीय माध्यमिक, 135 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, एक केंद्रीय विद्यालय व एक नवोदय विद्यालय शामिल हैं। इनमें से 11 को पीएमश्री राजकीय विद्यालय व 09 को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का दर्जा दिया गया है। केवल सोनीपत खंड की बात करें तो कुल 11 राजकीय उच्च विद्यालय व 24 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अब प्रत्येक ब्लॉक में निजी स्कूल की तर्ज पर राजकीय विद्यालय होने से जहां शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, वहीं राजकीय विद्यालयों के भी दिन फिरेंगे।




▶▶ सात विभिन्न ब्लॉक में 61 क्लस्टर के अंतर्गत इन राजकीय विद्यालयों में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं

### प्रत्येक विद्यालय पर खर्च होगी 20 से 25 लाख रुपये की राशि

शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक ब्लॉक में क्लस्टर के एक राजकीय विद्यालय को निजी स्कूल (मॉडल) की तर्ज पर तैयार करने का लक्ष्य रखा है। एक क्लस्टर में 6 से 7 राजकीय विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन आधुनिक बनने वाले राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा से लेकर हर सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल सभी सातों ब्लॉक में बनने वाले एक-एक स्कूल पर करीब 20 से 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसको लेकर गत दिनों निदेशालय की ओर से बैठक भी की जा चुकी है।

### गोहाना-जाखौली के राजकीय कन्या विद्यालय को मिलेगा पीएमश्री का दर्जा

जिला में 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से दो और राजकीय विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालय का दर्जा दिलवाने के लिए निदेशालय को मांग भेजी चुका है। वर्ष 2026 में जिले में पीएमश्री विद्यालयों की संख्या 13 हो सकती है। इनमें गोहाना व गांव जाखौली के राजकीय कन्या विद्यालय को पीएमश्री विद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए सूची में शामिल किया गया है। इससे पहले वर्ष 2024 में जिले में केवल 9 पीएमश्री राजकीय विद्यालय थे, जिनकी वर्ष 2025 में संख्या बढ़कर 11 हुई है। इनके अलावा शैक्षणिक सुधार के लिए 9 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय संचालित किए जा रहे है। इनमें विद्यार्थियों को सीबीएसई के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### विद्यालयों में जरूरत के अनुसार मुहैया करवाई जाएंगी व्यवस्थाएं

जिला शिक्षा विभाग ने इस लक्ष्य को साधने के लिए अभी से सपने संजोना शुरू कर दिया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के सपनों को भी पंख लगाए जा सकें। निजी स्कूलों की तर्ज पर बनाए जाने वाले इन विद्यालयों में कक्षाओं के साथ प्रत्येक विषय विषय अनुसार अलग-अलग शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए ड्रैस कोड के साथ आईकार्ड की सुविधा रहेगी। साथ ही अनुशासन व्यवस्था के साथ, लैब, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, एक्टिविटी कक्ष की व्यवस्थाएं की जाएंगी। विद्यालय के वातावरण को हरा-भरा बनाया जाएगा। अधिकारियों की मानें तो निदेशालय के इस कदम से आर्थिक रूप से कमजोर राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाया जा सकेगा।

### विद्यार्थियों की सुविधाओं पर देंगे ध्यान

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए राजकीय विद्यालयों में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही प्रत्येक ब्लॉक के क्लस्टर में से एक-एक राजकीय विद्यालय का निजी स्कूल की तर्ज पर बदलाव किया जाना है। इन विद्यालयों में शिक्षा साथ विद्यार्थियों की सुविधाओं संबंधी व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# डकैती के बाद हत्याः मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपित काबू



**सोनीपत।** घटनास्थल पर पहुंचें पुलिस कर्मी जांच करते हुए।

- गांव मल्हामाजरा में साहिल की हत्या के मामले में फरार था कुबेर उर्फ महिना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव मल्हा माजरा में डकैती के दौरान किसान साहिल की हत्या कर इलाके में दहशत फैलाने वाले मुख्य आरोपित को आखिरकार पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 की टीम के साथ गांव सफियाबाद-मुनीरपुर रोड पर सोमवार सुबह हुई मुठभेड़ में आरोपित कुबेर उर्फ महिना उर्फ मैना घायल अवस्था में पकड़ा गया। दिल्ली की जेजे कॉलोनी का रहने वाला आरोपित दिल्ली पुलिस का हिस्ट्रीशीटर है।

गांव मल्हा माजरा में साहिल की हत्या व उनके घर से हुई डकैती की वारदात में पुलिस की टीमें मुख्य आरोपित कुबेर की तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह एसआई विवेक की टीम नरेला-बवाना रोड पर घोघा गांव के मोड़ पर थी कि उन्हें जानकारी मिली कि आरोपित कुबेर सफियाबाद-मुनीरपुर रोड पर आने वाला है। जिस पर पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर दी।

इसी दौरान आरोपित बाइक पर गांव मुनीरपुर की तरफ से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपित साथ लगते कच्चे रास्ते पर भागने लगा। जिस पर आरोपित गिर गया। पुलिस ने उसे पकडऩे का प्रयास करने लगी तो उसने टीम पर दो फायर किए। पुलिस ने बचाव में गोली चलाई तो आरोपित कुबेर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस उन्हें दबोचकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया।

### 5 हजार का था इनाम हिस्ट्रीशीटर है आरोपित

पुलिस ने आरोपित के कब्जे से तमंचा, मोबाइल व बाइक बरामद की है। आरोपित की गिरफ्तारी पर पुलिस आयुक्त ने 24 जनवरी को ही पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मामले में डीजीपी पहले ही आरोपितों की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर चुके थे। गिरफ्तार आरोपित दिल्ली पुलिस का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित कुबेर ने ही लूटपाट के दौरान साहिल के सीने में चाकू मारकर उनकी हत्या की थी।

### पहले भी मुठभेड़ में पकड़े जा चुके हैं आरोपित

पुलिस ने मामले में दिल्ली के बवाना की जेजे कॉलोनी निवासी शाहनवाज उर्फ सद्दाम को सबसे पहले पकड़ा था। उसके बाद मूलरूप से गांव नाहरा हॉल डीडीए फ्लैट, नरेला के शेखर और दिल्ली की जेजे कॉलोनी निवासी शफीक को मुठभेड़ में दबोचा था। दोनों के पैर में गोली लगी थी। बाद में जेजे कॉलोनी के नजीम उर्फ सेबू और शोहिल उर्फ बाउंसर पकड़े गए थे।

### छठा आरोपी काबू

डाका डालने व किसान की हत्या के मामले में छठे आरोपित को भी दबोच लिया है। उसे खानपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा।

**-नरेंद्र कादियान, डीसीपी क्राइम सोनीपत**

# रेल लाइन पार करते समय एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

- वार्ड-20 के कबीरपुर में अपने माता-पिता के साथ रहता था मृतक विकास, मौके पर पहुंचकर चाचा व भाई ने की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर सोनीपत के रोहतक रेलवे ओवरब्रिज के पास मंगलवार को सचखंड एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से करीब 34 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना ट्रेन के लोकोपायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर से जीआरपी को मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर जांच की तो युवक की पहचान वार्ड-20 कबीरपुर निवासी विकास के रूप में हुई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवाया।

जीआरपी से जांच अधिकारी एएसआई विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे अंबाला से दिल्ली जा रही सचखंड एक्सप्रेस के सोनीपत से रवाना होने के बाद रोहतक रेलवे ओवरब्रिज के पास डाउन लाइन पर रेल लाइन पार करते समय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इसके बाद युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में युवक का शरीर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की तो जेब से आधार कार्ड, श्रम कार्ड व बाइक आरसी की फोटो कॉपी मिली। इसके आधार पर मामले की सूचना परिजनों को दी गई। युवक के भाई नरेंद्र व चाचा कर्मबीर ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त विकास के रूप में की। विकास कबीरपुर में अपने पिता रणधीर व माता के साथ रहता था। फिलहाल अविवाहित था, जो मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# पैसों के लेनदेन में रंजिश फाइनेंसर पर चलाई गोली

**सोनीपत।** कबीरपुर में पैसों के लेनदेन को लेकर चली आ रही रंजिश में रविवार देर रात फाइनेंसर पर गोली चला दी गई। पैर में गोली लगने से कृपाल आश्रम रोड कबीरपुर निवासी अमित घायल हो गए। घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। अमित ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह फाइनेंस का कार्य करते हैं। उनकी दिल्ली के नरेला निवासी डेनी खत्री से जान-पहचान हुई थी। अब कुछ दिन पहले दोनों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। अमित ने बताया कि वह 25 जनवरी की रात को तारा नगर सोनीपत में अपने दोस्त कर्ण के जन्मदिन समारोह में गए थे। देर रात करीब 12 बजे जब वह अपने घर के पीछे पहुंचे तो उसी दौरान डेनी खत्री अपने कुछ साथियों के साथ वहां आ गया। उसने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उन्होंने खुद को बचाने की कोशिश की तो डेनी खत्री ने पिस्तौल निकालकर उन पर फायर कर दिया। गोली उनके पैर में जा लगी, जिससे वह घायल हो गए। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से भाग गए। परिजन घायल अमित को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस ने घायल अमित के बयान दर्ज किए। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आम्रपाली एक्सप्रेस में यात्री पर हमला कर लूटपाट के 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सोमवार को अमृतसर से कटिहार जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन यात्री पर हमला कर मोबाइल व एटीएम कार्ड लूटने के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल व एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। जीआरपी ने तीनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

जांच अधिकारी एएसआई अजय कुमार ने बताया कि आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे बिहार निवासी सूरज ने जीआरपी को सूचना दी कि ट्रेन में कुछ युवकों ने उसकी पिटाई कर मोबाइल व एटीएम कार्ड लूट लिया। जानकारी मिलते ही पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गई। ट्रेन के सोनीपत स्टेशन पर पहुंचते ही पुलिस ने तीनों युवकों को काबू किया।

इनमें दो युवक रवि व भारत सोनीपत, जबकि एक शुभम गन्नौर निवासी है। जीआरपी थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि एएसआई अजय कुमार की टीम ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से यात्री से लूटा गया सामान बरामद कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन स्थित जीआरपी थाना में पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जठेड़ी में पुरानी रंजिश में चलाई गोली

## हत्यारोपित पर चलाई गई गोलियां, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जठेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते खेत की तरफ जा रहे हत्यारोपी पर दो हमलावरों ने गोलियां बरसा दी। सिर और सीने में गोली लगने से गांव जठेड़ी निवासी अशोक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे परिजन निजी अस्पताल में ले गए। पुलिस ने घायल के बयान पर हत्या की कोशिश की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

गांव जठेड़ी निवासी अशोक उर्फ भूरा ट्रैक्टर पर सवार खेतों की तरफ जा रहा था। जब वह कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे के निकट पहुंचा तो वहां पहले से बैठे हमलावरों ने गोलियां चला दी। हमले के दौरान अशोक के सिर व सीने में गोली लगने से वह घायल होकर गिर गया। आरोपी मौके भाग निकले। पता लगते ही परिजन उसे तुरंत सोनीपत के नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस के सामने अशोक ने गोलियां चलाने का आरोप गांव के ही विनोद उर्फ काला व सुंदर के लड़के पर लगाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

### जमानत पर आया है अशोक

हमले का शिकार हुआ अशोक उर्फ भूरा हत्या के मामले में नामजद है। पुलिस ने गांव प्रीतमपुरा के पास 10 मई, 2021 की सुबह गांव जठेड़ी निवासी अमित उर्फ राजा का शव बरामद किया था। वह केबल संचालक था और गांव के सुंदर का भतीजा था। पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा छह दिन बाद किया था। पुलिस ने गांव जठेड़ी के अशोक उर्फ भूरा, बैंयापुर के राजीव नगर के रीतिक और लालबहादुर को गिरफ्तार किया था। तीनों अमित उर्फ राजा के दोस्त थे। मामले में अशोक करीब चार माह पहले ही जमानत पर आया है।

### दो आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज, जांच जारी

गांव जठेड़ी में युवक पर जानलेवा हमला है। वह अस्पताल में उपचाराधीन है। दो आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

-इंस्पेक्टर जसपाल सिंह, थाना प्रभारी, राई।

### आज से दस्तावेज लेगा नगर निगम

# अवैध पेयजल और सीवर कनेक्शन होंगे वैध

- सरकार की योजना पर प्रशासन ने उठाया कदम विभिन्न वार्डों में लोगों को नहीं झेलनी पड़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलोनियों के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। कॉलोनियों में लोगों की ओर से पेयजल व सीवरेज व्यवस्था के लिए कराए गए अवैध कनेक्शन अब वैध हो सकेंगे। इसके लिए मकान मालिकों को इन अवैध कनेक्शनों को वैध करवाने के लिए अपने दस्तावेज जमा करवाना अनिवार्य रहेगा। यह प्रक्रिया नगर निगम की ओर से 28 जनवरी बुधवार से ही प्रारंभ की जाएगी। हालांकि चार दिन बाद लोगों को पुनः यह अवसर नहीं मिल पाएगा।




**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय।

निगम 28 से 31 जनवरी तक अलग-अलग वार्डों में ही लगाए जाएंगे विशेष शिविर

**कनेक्शनों को वैध करने के लिए सरकार ने की योजना स्वीकृत**

नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि शहर में जिन मकान मालिकों ने अपने पेयजल व सीवर के कनेक्शन अवैध रूप से करवाए हैं, ऐसे कनेक्शनों को वैध करने के लिए सरकार की ओर से योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत नगर निगम की ओर से विभिन्न वार्डों में अलग-अलग दिन विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविर के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता अपने पानी व सीवर कनेक्शन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपस्थित कर्मचारियों को जमा करवा सकते हैं। यह अभियान केवल 28 से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 28 जनवरी को वार्ड नंबर 1 में सैनी धर्मशाला व वार्ड नंबर 14 व 15 में गुड़ मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शिविर लगाया जाएगा।

### भविष्य में लोगों को नहीं होगी परेशानी

इसके अलावा 29 जनवरी को वार्ड नंबर 2 में बीज मार्केट के पास धानक चौपाल, वार्ड नंबर 16 व 17 में सूरी पैट्रोल पंप के पास सर्वजातीय चौपाल में शिविर लगाया जाएगा। वार्ड नंबर 3 में 30 जनवरी को प्रेम टीला सामुदायिक केंद्र व वार्ड नंबर 18, 19, 20 में सेक्टर-23 स्थित फायर ऑफिस में शिविर के दौरान दस्तावेज जमा करवाए जा सकते हैं। वहीं 31 जनवरी को वार्ड नंबर 4 में दिल्ली कैंप स्थित सामुदायिक केंद्र में शिविर लगाया जाएगा। निगम आयुक्त ने संबंधित वार्डों के सभी उपभोक्ताओं का आह्वान किया कि वह निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचकर अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि कनेक्शनों को नियमानुसार वैध किया जा सके। भविष्य में संबंधित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।



## गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style

# मिमी



## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।


मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

### हॉलीवुड मसाला



## अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



## लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



## संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### टीवी मसाला




## लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम



सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।

## 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार



विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं। 'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी



को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।

### आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### *रामायण में बने तुलसीदास*

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### *मेरठ में हुई थी शादी*

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### *दूसरी शादी*

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## न्यूज डायरी



### डीबीएम स्कूल के विद्यार्थी सम्मानित

**गोहाना।** गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। स्कूल में इस राष्ट्रीय पर्व पर देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता वाचन और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रतियोगिताओं में विजेता घोषित मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में अधिवक्ता नवीन श्योराण और जाट महाविद्यालय रोहतक के प्राचार्य रामभज थे। मार्गदर्शन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष धर्म सिंह मलिक का रहा। अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन विकास मलिक ने की। संयोजन प्राचार्य जगजीत सिंह मलिक का रहा।



### विधायक देवेंद्र कादियान ने फहराया तिरंगा

**गन्नौर।** नई अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। विधायक ने युद्ध वीरांगनाओं, उनके परिजनों तथा समाज हित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। उपमंडल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने डंबल मास पीटी प्रस्तुत की और नंबर हरियाणा, म्हारा हरियाणा जैसे गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी।

### कांग्रेस भवन में गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा



**सोनीपत।** गणतंत्र दिवस के पावन पर सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी उपस्थित रहे, जबकि मंच का सफल संचालन जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दिवान और जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद सतपाल ने ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात उपस्थित नेताओं ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करते कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षक रही है।

### आज भी हम शहीदों के कर्जदार: मोहन लाल



**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पहुंचें। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल एवं निदेशक अरुण बंसल द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ। पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया तथा स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट और बैंड एस्कॉर्ट ने प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि मोहन लाल बड़ौली ने देश के वीर शहीदों को याद करते हुए उनकी शहादत के बारे में हमेशा याद रखने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज भी हम उन शहीदों के कर्जदार हैं, जिनकी वजह से हम एक सर्वश्रेष्ठ संविधान के तहत सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र में सांस ले रहे हैं।



### भाषण प्रतियोगिता में अवि प्रथम, भूमिका द्वितीय

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हाउस वाइज विद्यार्थियों ने सामाजिक, नैतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर श्रोताओं और निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रथम स्थान अवि (चेतना हाउस), द्वितीय स्थान भूमिका (अनुराग हाउस), तृतीय स्थान सोम्या (अनुराग हाउस) एवं सुधांशु (प्रगति हाउस) ने प्राप्त किया। निदेशक अजय यादव, प्राचार्य अरुण गौतम ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में शिक्षक राजीव, साहिल, नीलम, सोनिका, मुकेश, प्रियंका, कुसुम, सृष्टि, नेहा, लवली, शशि, आशना, राखी, रेनू, सुमन, सुरेंद्र, रूपेश व प्रीति ने सहयोग किया।



### नव ज्योति स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

गन्नौर। नव ज्योति शिक्षा सदन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराकर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड विंग कमांडर सतीश काली रमन ने शिरकत की। उनके व प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक के संबोधन के बाद विद्यार्थियों ने अध्यापिकाएं प्रिया वशिष्ठ, संजीत कौशिक, निशा जांगड़ा के निर्देशन में देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षिका कोमल पांचाल, अंजलि, सोनम व कुसुम का विशेष सहयोग रहा। प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### पीएस स्कूल में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम

**गन्नौर।** पीएस पब्लिक स्कूल भुर्री में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया। छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन बिमला देवी, भूर्री गांव के सरपंच रामफूल व सदस्यों ने शिरकत की। स्कूल चेयरमैन बिमला देवी ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को ही हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। जिसे हम हर वर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। स्कूल प्राचार्य व प्रबंधक ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मंत्री श्याम सिंह

# कृषिमंत्री ने फहराया तिरंगा व परेड का किया निरीक्षण





**सोनीपत।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं व कार्यक्रम के दौरान परेड की सलामी लेते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराते हुए देश-प्रदेश और जिलावासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इसके पहले उन्होंने शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित करते हुए वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस दौरान राणा ने कहा कि आज ही के दिन 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इस दौरान समस्त अधिकारीगण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्य्रकम में परेड कमांडर एसीपी मुरथल निधि नैन के नेतृत्व में पुलिस के महिला-पुरुष तथा होमगार्ड के जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया। परेड के उपरांत पीटी-शो का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, जिसमें 24 स्कूलों के 1200 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक समृद्धि लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में निकाली गई परेड में हरियाणा महिला पुलिस की टुकड़ी अव्वल रही। झांकियों में शिक्षा विभाग को प्रथम पुरस्कार से सुशोभित किया गया।

### संवैधानिक नियमों की अनुपालना हमारी जिम्मेदारी



**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। मार्गदर्शन स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत सिंह खासा ने की। संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। मुख्य अतिथि स्कूल के पूर्व छात्र वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर सार्थक सहरावत और विशिष्ट अतिथि उसके माता-पिता शिक्षक रविन्द्र सहरावत और माता प्रोमिला सहरावत थे। सार्थक ने कहा कि संवैधानिक नियमों की अनुपालना हमारी हर देशवासी की जिम्मेदारी है।

### आंधी-बारिश से उखड़े सैकड़ों खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर करवाए जा रहे ठीक

# रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाइटेंशन लाइनें हटाएंगे: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला/नारनौल



हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखड़े हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है। विज ने कहा कि वैसे मैं कहीं पर भी बिजली को रुकने नहीं देता हूं और इस संबंध में मैं खुद इसकी निगरानी रखता हूं।

#### कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी: ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा। उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है। विदेशी तो कांग्रेस है और कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज अधिकारी 1885 में एओ हयूम ने किया था। अगर राहुल गांधी यह कहते हैं कि वह बाहर चले गए तो तुम भी बाहर चले जाओगे और यहां पर केवल भाजपा का ही राज रहेगा।

### गांव बजाना कलां में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**गन्नौर।** बजाना कलां गांव में समाज कल्याण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को गांव के सरपंच मेहर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा विद्यालय से शुरू होकर बजाना कला, बजाना खुर्द व तेवड़ी गांव से होकर गुजरी, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी शामिल हुए, जिससे माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मनीषा कादयान ने कहा कि तिरंगा यात्रा छात्रों में एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना विकसित करती है तथा संविधान

### तिरंगा चौक पर 71 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**सोनीपत।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सोनीपत की अग्रणी समाजसेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में तिरंगा चौक पर स्थापित 71 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। देशभक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला और "भारत माता की जय" के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण उपरांत भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। पर सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमेन वाईके त्यागी, प्रधान संजय सिंगला, डायरेक्टर सतीश ठेकेदार, एडवोकेट अरविंद मित्तल, दिनेश कुच्छल, संजीव अग्रवाल, प्रवीण वर्मा, मास्टर दिलबाग, जयबीर गहलावत, जगत सिंह, नरेंद्र भूटानी व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मानवता की निस्वार्थ सेवा ही हर समर्थ व्यक्ति का परम लक्ष्य : कमल दिवान

■ गणतंत्र दिवस पर शिविर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




**सोनीपत।** शिविर में रक्तदान करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान साथ में उनकी पत्नी एवं क्लब के पदाधिकारी।

गणतंत्र दिवस पर रोटरी क्लब एवं दिवान चैरिटेबल द्वारा एटलस रोड स्थित माडल टाउन के मकान नंबर आर-145 में डायबिटीज जांच व रक्तदान शिविर व थैलेसीमिया जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से न केवल लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि जरूरतमंदों के लिए रक्त एकत्रित कर जीवनदान का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं और रोटरी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 57 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और आपातकालीन मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। इसके साथ ही आयोजित डायबिटीज जांच शिविर में 50 लोगों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की, जिसमें से 13 व्यक्ति मधुमेह (डायबिटीज) से पीड़ित पाए गए। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने खुद रक्तदान किया और रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि गणतंत्र दिवस केवल ध्वजारोहण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही असली राष्ट्रभक्ति है। मानवता की निस्वार्थ सेवा ही हर समर्थ व्यक्ति का परम लक्ष्य है।

## देशभक्तों के लंबे संघर्ष के बाद मिला हमें गणतांत्रिक भारत : निखिल मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** तिरंगा फहराते विधायक निखिल मदान साथ में अन्य गणमान्य व्यक्ति।

गोहाना में उपमंडल स्तर पर आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा झंडा फहराया। यह समारोह शहर में शहीद मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम स्थित मिनि स्पोर्टस कॉपलेक्स में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी (ना.) अंजलि श्रोत्रिय ने की। विधायक निखिल मदान ने कहा कि देशभक्तों के लंबे संघर्ष, त्याग व शहादत की बदौलत हमें गणतांत्रिक भारत मिला है, जिसकी एकता एवं अखंडता बनाए रखते हुए सुरक्षा का दायित्व अब हमारा है। समारोह में विधायक निखिल मदान ने परेड की सलामी ली।

### रेणु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**राई।** रेणु विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस उत्साह व देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। संस्थान के चेयरमैन नानकचंद गुप्ता एवं प्रेरणास्रोत रेणु गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद सभी ने राष्ट्रीय गान गाकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने देश रंगीला मेरा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन को सफल बनाने में सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का भरपूर सहयोग रहा।



**राई।** कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल।

### हन्नी मॉर्डन स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

**राई।** हन्नी मॉर्डन स्कूल, बहालगढ़ के खेल मैदान दीपालपुर में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल ने कार्यक्रम में आए अतिथियों सुरेश फौली, मुरथल सरपंच रामेशवर, सुरेन्द्र आंतिल, श्रीभगवान नांगल, कर्मबीर, बलवान, जोगेन्द्र, राज का सम्मान किया। स्कूल की प्रधानाचार्या गीता मलिक ने छात्रों को संबोधित किया। स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



**गन्नौर।** देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर रोड स्थित शिवालिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके बाद छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की व्यवस्था शिक्षकों ने संभाली और वातारण को देशभक्ति के नारों से देशभक्ति मय बनाया। प्रधानाचार्य रमेश पहल ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को ही हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। जिसे हम हर वर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली। इस मौके पर शिक्षक अग्रेंज, अनिल, मनोज, जोगेन्द्र, मोनिका शर्मा, मीनू मलिक आदि मौजूद रहे।



**राई।** भाजपा युवा नेता शेखर आंतिल व पूर्व मुख्याध्यापक यज्ञदत आर्य ध्वजारोहण करते हुए।

### खेवड़ा स्कूल में शेखर आंतिल ने किया ध्वजारोहण

**राई।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खेवड़ा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र ने कार्यक्रम में अतिथि भाजपा युवा नेता शेखर आंतिल व पूर्व मुख्यध्यापक यज्ञदत आर्य का सम्मान किया। भाजपा युवा नेता शेखर आंतिल ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। मंच संचालन शिक्षक सन्नी ने किया। प्राइमरी शिक्षिका सोनिया ने देशभक्ति का गीत गाया। कार्यक्रम की व्यवस्था में समुन्द्र सिंह डीपी, शिक्षक श्रीभगवान दीक्षित, सुरेन्द्र कुमार, सविता, कविता, आशा, चमन्ना ने सहयोग किया।



**गन्नौर।** देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### रौनक पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया राष्ट्रीय पर्व

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। तिरंगा फहराने के उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। विद्यार्थियों ने कविताओं, प्रेरक विचारों एवं देशभक्ति संदेशों के माध्यम से गणतंत्र दिवस के मूल्यों,स्वतंत्रता, समानता और न्याय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने तिरंगा फहराने के पश्चात कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन तथा राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास अत्यंत आवश्यक है। समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### शहीदों की बदौलत ले रहे खुली हवा में सांस: पवन



**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए क्षेत्र वासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में श्वास ले रहे हैं। अनाज मण्डी खरखौदा में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया। विधायक ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रदेश की चहुंमुखी उपलब्धियों पर लम्बा चौड़ा भाषण दिया। युद्ध वीरांगनाओं और शहीदों के आश्रितों को बैठने के लिए मुख्य मंच की बजाय मंच से नीचे बैठने की व्यवस्था की गई थी। जिस पर आपत्तियां उठी तो उन्हें वहां से उठाकर न केवल मंच पर स्थान दिया गया।

**ग्राम पंचायत भैंसवाल कलां (बावला)**
**तहसील गोहाना (सोनीपत)**
**मो. नं. 9812016819**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत भैंसवाल कलां बावला पंचायती झोटे की खुली बोली दिनांक 02.02.2026 को समय 11:00 बजे समान्य चौपाल में करवा रही है। बोली की सिक्योरिटी राशि मु. 15,000/- रूपये जमा करवानी होगी। बोली की राशि मौके पर जमा करवानी होगी। सभी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत भैंसवाल कलां (बावला)
तहसील गोहाना, सोनीपत

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेविकाओं ने सीखे मार्शल आर्ट के गुर

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन मंगलवार को स्वयंसेविकाओं को मार्शल आर्ट के गुर सिखाए गए। मार्शल आर्ट के गुर अरविंद्र कुमार ने सिखाए।

शिविर में स्वयंसेविकाओं ने योग क्रियाओं का अभ्यास भी किया और एड्स होने व इससे बचाव की जानकारी भी हासिल की।

### रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**खरखौदा।** गांव गोपालपुर में शहीद भगत सिंह युवा क्लब गोपालपुर व सोनीपत ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 111रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस के पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी धर्मवीर दहिया के मार्गदर्शन में किया गया। ब्लड बैंक डारेक्टर महावीर पहल ने रक्त दानियों को बैज लगाकर सम्मानित किया।

## पांच दिवसीय वर्किंग की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने की हड़ताल

# जिले की 200 से अधिक बैंक शाखाओं में कामकाज रहा ठप

*ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए जताया खेद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मंगलवार को जहां देशभर में बैंक कर्मचारियों ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। वहीं जिला में हिंदू महाविद्यालय के पास पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा के बाहर बैंक कर्मचारियों ने धरना देकर रोष जताया। इससे जिला में संचालित राष्ट्रीयकृत करीब 200 बैंक शाखाओं में भी कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हड़ताल में बैंकों संबंधी सभी 9 संगठनों ने भाग लिया। ऐसे में बैंकों में कैश काउंटर, चेक क्लीयरेंस, पासबुक अपडेट, लोन से जुड़े कार्य व अन्य ग्राहक के लिए संबंधित सभी सेवाएं प्रभावित रहीं। इससे करीब 1000 करोड़ के कामकाज के बाधित होने का अनुमान लगाया गया है।

- ▶▶ पीएनबी की मुख्य शाखा के बाहर धरना देकर जताया रोष
- ▶▶ बैंकों संबंधी सभी 9 संगठनों ने भाग लिया
- ▶▶ कैश काउंटर, चेक क्लीयरेंस, पासबुक अपडेट, लोन से जुड़े कार्य रहे प्रभावित

### 1000 करोड़ के कामकाज के बाधित होने का अनुमान



**सोनीपत।** हिंदू महाविद्यालय के पास पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा के बाहर हड़ताल कर रोष जताते बैंक अधिकारी व कर्मचारी।

#### दो वर्ष से मांग लंबित

वित्त मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार प्रदेश के सह सचिव जितेंद्र सरदाना ने बताया कि मार्च 2024 में वेतन समझौते के वक्त बैंक यूनियंस व भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के बीच लिखित में समझौता हुआ था कि सभी शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। इसके लिए बैंक कर्मी 5 दिन रोजाना 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने के लिए तैयार हैं। इस मांग को आईबीए ने वित्त मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा था, लेकिन करीब 2 वर्ष बाद भी बैंक कर्मियों की यह मांग लंबित है।

#### बैठक रही बेनतीजा

बैंक कर्मियों ने बताया कि 23 जनवरी को सरकार के साथ हुई बैठक भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर कोई स्पष्ट समयसीमा तय नहीं की गई, इससे कर्मचारियों में असंतोष और बढ़ गया। इसी के विरोध में आज देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि बैंकिंग सेक्टर में काम का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जबकि कर्मचारियों की संख्या सीमित है।

#### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ के प्रदेश के सह सचिव जितेंद्र सरदाना ने बताया कि हड़ताल का मुख्य कारण बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित फाइव डे बैंकिंग प्रणाली की मांग रहा। कर्मचारी ने हड़ताल के दौरान मांग की, कि सप्ताह में केवल 5 दिन बैंकिंग कार्य होने चाहिए, शनिवार व रविवार को पूर्ण अवकाश दिया जाएवहीं हड़ताल के दौरान सभी बैंक कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

#### हड़ताल करना मकसद नहीं

प्रियंका भारद्वाज, जितेंद्र सरोहा, रजनीकांत वशिष्ठ, नवीन फोगाट व सभी शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारियों ने बताया कि हड़ताल करना उनका मकसद नहीं है। वह बैंक में ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना चाहते हैं, लेकिन काम के अधिक दबाव के चलते उन्हें मजबूरी में सांकेतिक हड़ताल पर बैठना पड़ा। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए उन्हें खेद है। हड़ताल के बाद लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।


**राई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का सम्मान करते ग्रामीण, साथ में जिलाध्यक्ष व मार्किट कमेटी चेयरमैन निशांत छौक्कर।

## प्रदेश का समग्र विकास सैनी सरकार की प्राथमिकता : मोहन लाल बड़ौली

**राई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने नाहरा ग्राम पंचायत में लगभग आधा दर्जन विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत नाहरा के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण पहल है। इससे पहले श्री बड़ौली ने ग्राम सभा नाहरा के परिवारजनों के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस मनाया और ध्वजारोहण कर तिरंगा को नमन किया। मोहन लाल बड़ौली ने योगशाला में टिन शेड का निर्माण, दादा देव जोहड़ पर घाट का निर्माण, स्टेडियम की चारदीवारी का निर्माण, स्टेडियम के साथ आरसीसी नाले का निर्माण तथा प्राइमरी स्कूल के समीप खेल मैदान की चारदीवारी का उद्घाटन किया। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास से निरंतर प्रदेश का विकास करा रही है। इस मौके पर काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।


**गन्नौर।** असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं सरिता को बुके भेंट करते प्राचार्य डा. मनोज कुमार।

## पूर्व छात्रा सरिता बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन गर्ल्स कालेज की पूर्व छात्रा सरिता का चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) के पद पर हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में 9वीं रैंक प्राप्त की। सरिता ने एमए राजनीति विज्ञान की पढ़ाई सीसीएएस जैन गर्ल्ज पीजी कालेज से की थी और अध्ययन के दौरान स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इस उपलब्धि पर कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार व समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डा. मनोज ने कहा कि सरिता ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर कालेज का नाम रोशन किया है।

## मस्जिद में लगे 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' के नारे

*इमाम कारी के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव रसोई स्थित मदीना मस्जिद से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकालकर सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के नारे लगाए गए। रसोई स्थित मदीना मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद नसीम कासमी के नेतृत्व में बच्चों में देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। तिरंगा यात्रा के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देश के लिए शहादत देने वाले शहीदों की कुर्बानियों को याद किया। मदीना मस्जिद में तिरंगा यात्रा से पूर्व बच्चों ने तिरंगे के साथ देश से प्यार व सच्ची मोहब्बत का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने को मिली। इमाम कारी मोहम्मद नसीम कासमी ने देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं कराई। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस जैसे पर्व हमें प्यार व मोहब्बत का पैगाम देते हैं। उन्होंने सभी से अपने दिलों में प्यार-मोहब्बत बनाए रखने व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हर समय तैयार रहने का संदेश दिया।


**सोनीपत।** गांव रसोई स्थित मदीना मस्जिद में तिरंगा यात्रा से पूर्व बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाते इमाम कारी मोहम्मद नसीम कासमी।



### बाबा भूतनाथ डेरे में लगाया रक्तदान शिविर व भंडारा

**गन्नौर।** बाबा भभुतनाथ डेरा, पांची जाटान में हवन कर रक्तदान शिविर व भंडारा लगाया गया। हवन में संतों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आहुति डालकर सुख शांति की कामना की। वहीं ग्रामीणों ने रक्तदान शिविर में भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। तत्पश्चात भंडारे में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में नरेश उदेशीपुर, माइचंद, जितेन्द्र, सतबीर, रामकुमार आदि भी सहयोग करते हुए रक्तदान भी किया।

## भारत की गूंज : टेलेंट हंट में मेधावियों ने दिखाई प्रतिभा


**गोहाना।** अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए एमडी राजेश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना–पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में भारत की गूंज विषय पर टेलेंट हंट में अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और नृत्य सहित अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों से अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजेश कुमार का रहा। अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। मुख्य अतिथि हॉकी खिलाड़ी अर्जुन एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी प्रीतम सिवाच, प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. जेपी दलाल, ममता दहिया और गणित विशेषज्ञ शिवेंदु शेखर रहे।



**खरखौदा।** रोहतास दहिया को सम्मानित संगठन के पदाधिकारी

## एसआई रोहतास दहिया ग्रेट इंडियन पार्लियामेंट अवार्ड से सम्मानित

**खरखौदा।** 77 वें गणतंत्र दिवस पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अंबेसडर संगठन की ओर से सिसाना निवासी सब इंस्पेक्टर रोहतास सिंह दहिया को दिल्ली में ग्रेट इंडियन पार्लियामेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भारतीय संविधान में बताए गए मूल्यों को बनाए रखने, नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने और समाज में शांति बनाए रखने के लिए दिया गया। सब-इंस्पेक्टर रोहतास सिंह दहिया दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच के अनुभवी अधिकारी हैं, जिन्होंने पुलिस सेवा में 35 वर्षों से अधिक का लंबा और गौरवशाली कार्यकाल पूरा किया है। अपने करियर का अधिकांश भाग उन्होंने संगठित अपराध और आतंकवाद से लड़ने वाली यूनिट्स -क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल को समर्पित किया है। उनकी बहादुरी को नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री 'इंडियन प्रीडेटर' और एक राष्ट्रीय दैनिक की विशेष रिपोर्ट में सम्मानित किया गया है, जिसमें उन्होंने कुख्यात सीरियल किलर चंद्रकांत झा को पकड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई।

## क्रिकेटर अदिति श्योराण को मिला पंजाब यूनिवर्सिटी का पहला खेल प्रतिभा सम्मान

**गन्नौर।** पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने हरियाणा की प्रतिभाशाली बेटी और युवा क्रिकेटर अदिति श्योराण को अपने पहले स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड के लिए चुना है। दुभेटा गांव की निवासी 16 वर्षीय अदिति श्योराण, प्रदेश, राष्ट्रीय और बीसीसीआई स्तर पर क्रिकेट खेलकर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं और हरियाणा का नाम रोशन कर रही हैं। अदिति को यह सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. रेणू विग द्वारा दिया गया। चंडीगढ़ के सेक्टर 9 स्थित कार्मल कान्वेंट स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा अदिति श्योराण को पंजाब यूनिवर्सिटी ने उन्हें इंटरनेशनल स्तर की क्रिकेटर के रूप में तैयार करने के लिए मेंटरशिप देने का निर्णय लिया है। यह सम्मान पंजाब यूनिवर्सिटी के डायरेक्टोरेट आफ स्पोर्ट्स की ओर से प्रदान किया गया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद अदिति श्योराण ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व की बात है और यह उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।



## युवाओं और शिक्षकों को सम्मानित कर बढ़ाया मान

*स्वावलंबन मंच की ओर से बसंतोत्सव कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को स्वावलंबन मंच की ओर से बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बसंतोत्सव कार्यक्रम 2012 से निरंतर उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। मंच का मूलमंत्र संस्कार, संस्कृति व स्वाध्याय पर आधारित है। कार्यक्रम में वर्षभर मंच से जुड़े एवं विभिन्न उपलब्धियां प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायट की प्राचार्य मंजू गर्ग, विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, नटराज थीएट्रिकल ग्रुप के प्रधान सत्यवान सरोहा ने शिरकत की। मंच के अध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग के जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह ने बताया कि वर्ष 2012 में मंच का गठन बसंत पंचमी के दिन किया गया था। स्वावलंबन मंच की ओर से सुनील कुमार, नरेंद्र, मोहित कुमार, शिक्षाविद् संतोष राठी, प्राचार्य सुनील त्यागी सहित 150 युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में रिंकल, अलीशा, पूजा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विनीता ने सहयोगी टीम के साथ नृत्य, रागिनी, संतोष राठी ने लोकगीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। मंच ने अधीक्षण अभियंता पवन कुमार, मुख्य अध्यापक निरंजन सिंह, प्राचार्य सुमन बाला शर्मा, संतोष राठी के सहयोग से 19 बच्चों को प्रोत्साहित किया।



**सोनीपत।** सोनीपत के मुरथल स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ मौजूद प्रतिभागी छात्राएं।

### भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने शक्ति ठेकेदार को बनाया जिला प्रधान

**खरखौदा।** गोपालपुर निवासी शक्ति ठेकेदार को भारत-तिब्बत सहयोग मंच का सोनीपत जिला प्रधान बनाया गया है। यह मंच एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1999 में भारत और तिब्बत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को सशक्त करने के उद्देश्य से की गई थी। संगठन तिब्बत की स्वतंत्र पहचान के संरक्षण, बौद्ध संस्कृति के संवर्धन, अहिंसक तिब्बती आंदोलन के समर्थन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता के लिए कार्य करता है। नियुक्ति के उपरांत शक्ति ठेकेदार ने मंच के संस्थापक इंद्रेश एवं वरिष्ठ नेता सुशील शास्त्री को आश्वास्त किया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने तथा भारत-तिब्बत के पारंपरिक संबंधों को मजबूत करने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे।



**खरखौदा।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

## जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी में कल्पना चावला स्कूल के विद्यार्थी रहे दूसरे स्थान पर

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर पुलिस लाइन, सोनीपत में पुरस्कृत किया गया। उपविजेता छात्रा अनुष्का, पायल और अवनी को सर्टिफिकेट के साथ 3000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय मुक्केबाजी में हितेश ने रजत पदक जीता। उसने अंडर-14 आयु वर्ग के 32 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया था। इन उपलब्धियों पर प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु ने कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### कमलदीप अत्री बने एबीवीपी सोशल मीडिया के प्रांत संयोजक

**गोहाना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 57वां प्रांत अधिवेशन 23 व 24 जनवरी अंबाला के माता गुजरी नगर में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा के क्रम में कमलदीप अत्री को अभाविप सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक का दायित्व सौंपा गया। कमलदीप अत्री वर्तमान में जीजेयू विश्वविद्यालय, हिसार में अभाविप के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी निरंतर सक्रियता, रचनात्मक सोच एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग को देखते हुए उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ ही हिमांशु श्योराण, आस्था और रिचा को प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।



**खेल** | इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन ने करवाई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

# देव ने जमकर बरसाए पंच, जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गांव खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी देव ने द्वितीय स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीत लिया। उनके इस प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है। मंगलवार को देव को स्कूल में एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने सम्मानित किया। राजस्थान के उदयपुर में 20 से 24 जनवरी तक इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन की राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। देव ने इस प्रतियोगिता में 72 किलोग्राम भारवर्ग में अपने मुक्के का दम दिखाते हुए रजत पदक हासिल किया। उन्होंने अपने कोच संदीप सहराया के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। खिलाड़ी को आशीर्वाद देते हुए स्कूल के एमडी पंकज जाले ने कहा कि आज पढ़ाई के साथ खेलों में भी कॅरियर निर्माण की अच्छी संभावनाएं हैं। युवा अपनी रूचि के अनुरूप खेल का चयन करके उसमें कॅरियर निर्माण कर सकते हैं।


**गोहाना।** खिलाड़ी देव को सम्मानित करते हुए एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा। फोटो : हरिभूमि



## बास्केटबॉल में द्वितीय रही छात्राएं

**सोनीपत।** हाल ही में आयोजित तीन दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। छात्राओ के कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या गीता ने स्वागत कर मिठाई खिलाई। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता रोहतक में पंडित नेकीराम कॉलेज में डीजीएचई द्वारा आयोजित कराई गई। जिसमे हिसार, इसराना, तथा फइनल मैच रोहतक की टीम के साथ खेलकर दूसरा स्थान हासिल कर 15000 हजार का कैश प्राइज हासिल किया। इस अवसर पर टीका राम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुरेन्द्र दहिया ने खिलाड़ियों को आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।